- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र


BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

02 बस दुर्घटनाग्रस्त, टोल प्लाजा कर्मी व बस चालक की मौत

04 बिना अनुमति के संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं के विरुद्ध होगी कार्रवाई

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं


पटना, शनिवार, 02 मार्च 2024 | www.bordernewsmirror.com | पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए | वर्ष: 05, अंक: 05


## कार्टून कार्नर







### पीएम मोदी आज बिहार में

**पटना (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के दौरे के बाद शनिवार यानी दो मार्च को दो बजे के करीब बिहार के बेगूसराय आएंगे। यहां वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही 50 हजार करोड़ रुपये की राशि से योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। पीएम की यात्रा को देखते हुए केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह के साथ पुलिस पदाधिकारियों और एसपीजी के पदाधिकारियों ने हेलीपैड, मंच स्थल, आम लोगों के आने जाने वाले मार्ग, सभा स्थल सहित अन्य मूलभूत बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# विकास में बाधक है कांग्रेस व झामुमो: नरेन्द्र मोदी

## मोदी की गारंटी पर देश कर रहा है भरोसा, अबकी बार भाजपा होगी 400 पार

धनबाद। राज्य के धनबाद के सिंदरी में हर्ल कारखाने का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में नारा लग रहा है, अबकी बार 400 पार। यह नारा यूं ही नहीं लग रहा है। मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा है। साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार में शामिल दलों झामुमो और कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से क्षमा मांगता हूं। क्योंकि, यह पंडाल छोटा पड़ गया। सिर्फ पांच प्रतिशत लोग ही इस पंडाल में बैठ सके। बाकी 95 प्रतिशत लोग इस धूप में खड़े होकर मुझे सुन रहे हैं। आपकी इसी



तपस्या से मुझे ऊर्जा मिलती है। आप लोगों का स्नेह आशीर्वाद और यह तपस्या मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। देश का विकास कर मैं आपकी तपस्या पूरी करूंगा। इसका मैं आपको गारंटी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि सिंदरी फर्टिलाइजर का उद्घाटन करने का आज मुझे सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि आपने जिसकी आशा छोड़ दी थी उसमें ऊर्जा भरने के लिए मोदी को काम करने का मौका दिया और यही वजह थी कि आज मोदी के गारंटी पूरी हुई। खाद कारखाना शुरू हुआ। इससे पूर्वी भारत के किसानों को बहुत लाभ होगा। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

पीएम मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस या उसके सहयोगी दल विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नॉर्थ कर्णपुरा के बिजली कारखाने का शिलान्यास पिछली सदी के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी करके गए थे लेकिन फिर कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार आई और इस प्रोजेक्ट पर ताला लटका दिया। वर्ष 2014 में मोदी ने इस प्रोजेक्ट को फिर से जिंदा करने का गारंटी दी थी।

प्रधानमंत्री ने झारखंड में केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही अमृत भारत योजना के तहत राज्य के 27 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ है। झारखंड में तेजी से विकास के लिए जरूरी है कि यहां पर ईमानदार सरकार हो, कानून व्यवस्था हो लेकिन जब से यहां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत खराब हुई हैं। तुष्टीकरण के चलते घुसपैठ बढ़ता जा रहा है।

# संदेशखाली मामले में इंडी गठबंधन के नेता आंख, कान और मुंह बंद किए रहे: प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। यहां संदेशखाली हिंसा मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली के मुख्य आरोपित तृणमूल नेता (शेख शाहजहां) को बचाने के लिए ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार ने पूरी ताकत लगा दी। महिलाएं चीख-चीखकर कहती रहीं कि उनके साथ अत्याचार हुआ है लेकिन शर्मनाक बात ये है कि इंडी गठबंधन के नेता गांधीजी के तीन बंदरों की तरह आंख, कान और मुंह बंद किए रहे।

### जो लूटा है वह लौटाना पड़ेगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में केंद्रीय योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार समेत अन्य केंद्रीय फंड में अनियमितता का दावा करते हुए कहा कि वे बंगाल के लोगों से वादा करते हैं कि लूटने वालों को लौटाना ही होगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा।

मोदी ने कहा कि संदेशखाली की घटना शर्म की बात है। लगभग दो महीने तक मुख्य आरोपित गिरफ्तार नहीं किया गया। संदेशखाली की बहनों के साथ तृणमूल ने जो किया, उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी तो बदले में बंगाल सरकार ने तृणमूल नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल ने संदेशखाली में बहनों के साथ जो किया है, वो देखकर पूरा देश दुखी है, आक्रोशित है।

### एनयूसीएफडीसी का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी सहकारी बैंकों के लिए अम्ब्रेला संगठन नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन करेंगे। एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त हुआ है, जिससे इस अम्ब्रेला संगठन को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना से सहकारी बैंकों के लिए विशेष कार्य और सेवाएं सुनिश्चित होंगी, बैंकों और नियामकों के बीच संचार की सुविधा मिलेगी और शहरी सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों, जैसे पुरानी प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों और सीमित सेवा पेशकशों इत्यादि का समाधान होगा।

एनयूसीएफडीसी के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता ने बताया कि अंब्रेला संगठन शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में भी कार्य करेगा। आरबीआई द्वारा एनयूसीएफडीसी को दी गई मंजूरी में सदस्य यूसीबी को फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित सेवाओं की एक श्रृंखला और अत्याधुनिक आईटी समर्थन प्रदान करने की परिकल्पना की गई।

मेहता ने बताया कि एनयूसीएफडीसी का प्रबंधन निदेशक मंडल और सीईओ द्वारा किया जाएगा, जिनके पास विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में सिद्धहस्तता है और उन्हें आरबीआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नियुक्त किया गया है। दिन-प्रतिदिन के कार्यों का प्रबंधन संगठन में डोमेन ज्ञान वाले पेशेवरों द्वारा किया जाएगा जो कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अत्याधुनिक आईटी प्लेटफॉर्म पर गहन प्रौद्योगिकी से संचालित होंगे।

**तोहफा** | 2047 तक भारत को विकसित बनाने का है संकल्प

# बंगाल को दी 7,200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

नई दिल्ली/हुगली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हुगली के आरामबाग में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के भारत के तीव्र विकास और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तीकरण की प्राथमिकताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा गरीबों के कल्याण के लिए प्रयास किया है और इसके परिणाम अब दुनिया के सामने हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना सरकार की दिशा, नीतियों और निर्णयों की शुद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन सबका मुख्य कारण सही इरादे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है, जिसमें रेल, बंदरगाह, पेट्रोलियम और जल शक्ति के क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करते हुए रेल कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए झारग्राम-सलगाझारी को जोड़ने वाली तीसरी रेल लाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में रेलवे को देश के बाकी हिस्सों की तरह ही आधुनिक बनाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने सोंडालिया-चंपापुकुर और दानकुनी-भट्टनगर-बाल्टिकुरी रेल लाइनों के दोहरीकरण के बारे में भी बात की। मोदी ने हल्दिया बरौनी क्रूड पाइपलाइन का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया कि पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर कैसे विकास किया जा सकता है।

### भाजपा जल्द जारी कर सकती है पहली सूची

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक गुरुवार देररात शुरू होकर तड़के साढ़े तीन बजे तक चली। सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के साथ पहली सूची के उम्मीदवारों के नाम पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि भाजपा अपनी पहली सूची दो -तीन दिन में जारी कर सकती है। भाजपा मुख्यालय में करीब छह घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीयमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, तरुण चुघ, जी किशन रेड्डी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि ने हिस्सा लिया।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# सरकारी डॉक्टर के निजी प्रैक्टिस पर सवाल



**पटना।** विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नोत्तर काल के दौरान माले के विधायक अजीत कुमार ने कहा कि राज्य में कई जगह डॉक्टरों की संख्या कम रहने से इमरजेंसी सेवा प्रभावित हो रही है। ऐसे में सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस पर जल्द ध्यान दिया जाएगा।

माले विधायक अजीत कुमार ने कहा कि अलग-अलग अस्पतालों में डॉक्टर की संख्या कम रहने से ओपीडी सेवा प्रभावित होती है या नहीं में यह सवाल करना चाहता हूं लेकिन इसका जवाब मुझे नहीं मिला है। इसके बाद हेल्थ मिनिस्टर सम्राट चौधरी ने कहा कि जवाब बिल्कुल साफ है। उन्होंने कहा, हकीकत यह है कि डुमरा अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों के स्वीकृत पदों की संख्या के नौ पदों पर डॉक्टर मौजूद हैं जबकि वहां एक हड्डी रोग विशेषज्ञ भी मौजूद हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि किसी की दुर्घटना के दौरान हड्डी टूट जाती है तो उनका इलाज नहीं होता। इस बारे में ध्यान दिया जाए।

ऑपरेशन के बारे में जवाब देते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि कभी-कभी होता है लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि कभी नहीं होता है।

यहां जिस डॉक्टर की ड्यूटी लगी है वह अस्पताल के बाहर प्राइवेट क्लिनिक चलाते हैं। तो क्या उन पर तुरंत यानी यथाशीघ्र एक्शन होगा। इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उनकी जो चिंता है उसके अनुसार ही यथाशीघ्र एक्शन होगा।

## राजद विधायक भरत बिंद ने भाजपा का दामन थामा

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक और विधायक ने शुक्रवार को पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया। 12 फरवरी से अब तक राजद के पांच और कांग्रेस के दो यानी महागठबंधन के कुल सात विधायकों ने पाला बदल लिया है। राजद के भभुआ से विधायक भरत बिंद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की गाड़ी में बैठ कर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वे विपक्षी पार्टियों की बेंच के बजाय सत्ता पक्ष की बेंच पर भाजपा विधायकों के साथ जाकर बैठ गये। सदन में मौजूद भाजपा और जदयू के विधायकों ने उनका स्वागत किया।

# जदयू कार्यालय में धूमधाम से मना मुख्यमंत्री नीतीश का जन्मदिन



पटना। जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 73 पॉन्ड का केक काटा एवं नीतीश कुमार के निरोग एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

इस दौरान पार्टी कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में आम लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं एवं मुफ्त दवाईयां दी गईं। साथ ही 51 महिलाओं को अंगवस्त्र एवं मीडिया कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। दरोगा राय पथ, पटना स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन को लेकर पूजा-अर्चना की।

इस खास मौके पर जद(यू) के राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य डॉ. राहुल परमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन एवं समाज सुधार की दिशा में उनके द्वारा किए गए अनूठे कार्यों पर लिखित 'बिहार के राजा राम' पुस्तक का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का भी जन्मदिन मनाया गया।

इस मौके पर सांसद आलोक कुमार सुमन, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अशोक चौधरी, विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री जयंत राज, विधान पार्षद ललन सर्राफ सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस दुर्घटनाग्रस्त, टोल प्लाजा कर्मी व बस चालक की मौत



**हरसा/सुपौल।** सुपौल जिले के एनएच 57 पर आसनपुर कुपहा टोल प्लाजा पर शुक्रवार दोपहर बस और ट्रक में टक्कर होने से दो व्यक्ति की मौत हो गई।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मछली से लदा पिकअप गाड़ी और एक ट्रक टोल टैक्स कटा रहा था। तभी पूर्णिया से दिल्ली जा रही मां शीतल ट्रैवल्स बस ने अनियंत्रित होकर ट्रक में ठोकर मार दी। ट्रक के आगे मछली से लदा पिकअप गाड़ी ने टोल प्लाजा के सुपरवाइजर यूपी जिला बलरामपुर खलवानगर बलिया निवासी विनय कुमार तिवारी के 37 वर्षीय पुत्र योगेंद्र तिवारी को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बस चालक मधुबनी जिला के बासोपट्टी थाना के खोना गांव वार्ड 02 निवासी रामवृक्ष रावत के 37 वर्षीय पुत्र संजय कुमार राउत बस के केबिन में फंस जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको टोल कर्मियों ने क्रेन के माध्यम से कड़ी मशक्कत के बाद गंभीर स्थिति में केबिन से निकाला। दोनों घायलों को टोल प्लाजा के एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया। जहां बस चालक संजय कुमार राउत की मौत इलाज के दौरान हो गई। गंभीर रूप से घायल टोल प्लाजा के सुपरवाइजर योगेंद्र तिवारी को डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया।

टोल प्लाजा के मैनेजर भीडी पांडे ने बताया कि सुपरवाइजर योगेंद्र तिवारी की मौत रास्ते में हो गयी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस में करीब 65 लोग सवार थे। त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के गोरखा गांव वार्ड चार निवासी चंदन कुमार, पिपरा थाना क्षेत्र के देवीपट्टी वार्ड नंबर 11 निवासी सोनू कुमार, किशनपुर थाना क्षेत्र के चौहाटा वार्ड नंबर 06 निवासी अरुण कुमार और मनोज कामत का इलाज निर्मली अस्पताल में चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायगढ़ भपटियाही में सुपौल डकही घाट गांव के राजू सादा, शिवानी कुमारी, चांदपीपर पंचायत के वार्ड नंबर 08 निवासी वासुदेव मुखिया और पिपरा थाना क्षेत्र के बसहा गांव के मो सिराज का डॉक्टर ने इलाज किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रामनिवास प्रसाद ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मो सिराज का इलाज के बाद सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया। बस में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आयी जो अन्य अस्पताल में भर्ती है। घटना को लेकर किशनपुर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने बताया कि सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजन को सौंप दिया गया।

# ट्रक व कार में लोड शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

अररिया। जिले के नरपतगंज थाना पुलिस ने फोरलेन एनएच 57 में चकरदाहा के समीप एक मिनी ट्रक और एक स्विफ्ट डिजायर कार से गुरुवार की देर शाम 80 कार्टन विदेशी शराब को जब्त किया। मामले में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

होली को लेकर तस्कर पश्चिम बंगाल से शराब लोडकर मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे थे। गुप्त सूचना पर फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज की अगुवाई में नरपतगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने ट्रक और कार को जब्त करते हुए हिरासत में लिए गए शराब तस्कर के पास से चार मोबाइल बरामद किया है। हिरासत में लिए गए तस्करों में मुजफ्फरपुर के सकरा के रहने वाले अभिषेक कुमार, अविनाश कुमार, वैशाली जिला के पातेपुर के रहने वाले आलोक कुमार और संजीत कुमार शामिल है।

फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार सभी तस्कर पश्चिम बंगाल के दालकोला से शराब को ट्रक में लोड कर धन के भूसे में छिपाकर सैफ्ट डिजायर कार से आगे आगे रैकी कर मुजफ्फरपुर जा रहे थे। जिसकी जानकारी पुलिस को गुप्त सूचना से मिली, जिसके बाद एसडीपीओ के निर्देश पर चकरदाहा के समीप नरपतगंज थाना पुलिस को अलर्ट करते हुए जांच करने का निर्देश दिया।

## यात्राओं की नौटंकी के बीच कांग्रेस और राजद में टूट की प्रक्रिया तेज हुई:सुशील मोदी

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जिस समय कांग्रेस और राजद के राजकुमार परिवार बचाओ यात्राओं की नौटंकी कर रहे हैं, उसी समय इन दोनों दलों में टूटने की प्रक्रिया तेज हो गई। अब यह कहना कठिन है कि संसदीय चुनाव तक इन दलों में कौन टिका रहेगा। सुशील मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि बिहार विधानसभा के इसी सत्र में दो सप्ताह के भीतर राजद कांग्रेस के 7 विधायक महागठबंधन छोड़ कर एनडीए के साथ आ गए। जो लोग विश्वास-मत से पहले खेला होने के दावे कर रहे थे, वे अपना घर ठीक नहीं रख पाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और सपा के राजनीतिक प्रबंधन की गलती से क्रास-वोटिंग हुई, जबकि भाजपा दूसरे दलों के विधायकों का विश्वास पाने में सफल रही। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण और मिलिंद देवड़ा जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल के अंत में तीन हिंदी भाषी राज्यों में कांग्रेस की पराजय और इस चुनावी वर्ष के दौरान देश भर में कांग्रेस का टूटना लोकसभा के कांग्रेस-मुक्त होने का संकेत है।

## एसडीएम और एसडीपीओ ने भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा का लिया जायजा

**अररिया।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर बीती रात फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे और एसडीपीओ खुशरू सिराज ने पुलिस और एसएसबी के अधिकारी और जवानों के साथ भारत नेपाल खुली सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गुरुवार की देर रात एसडीएम और एसडीपीओ बिहार पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ अनुमंडल क्षेत्र में लगने वाले भारत नेपाल खुली सीमा का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित थानाध्यक्ष और एसएसबी के अधिकारियों को निर्देश दिया।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# स्टेशन का उद्घाटन तो हुआ, पर क्या बिना रेललाइन बिछे हीं सफर करेंगे लोग...?

**केसरिया रेलवे स्टेशन का उद्घाटन**

**विपक्ष ने जनता के साथ छल करने का लगाया आरोप**

अमृतेश कुमार ठाकुर



**बीएनएम@केसरिया।** 'नेता कब क्या सोंचते करते क्या व्यवहार, मुश्किल इनको समझना लीला अपरम्पार' उम्दा लेखक व कवि अवधेश कुमार अवध की लिखी ये पंक्ति मोतिहारी सांसद पर सटीक बैठती है। इसलिए ऐसा कहा जा रहा है कि साल बदलते हीं सांसद का वादा भी बदल गया। 16 अगस्त 2023 को निर्माणाधीन केसरिया रेलवे स्टेशन के कार्य प्रगति के निरीक्षण के क्रम में रेलवे स्टैंडिंग कमिटी के चैयरमैन सह मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह ने कहा था कि मार्च 2024 में केसरिया से ट्रेन आना-जाना शुरू कर देगी। वहीं शुक्रवार को इस रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने वर्ष 2024 के अंत तक इस रेलवे स्टेशन से रेल परिचालन की बात कही। साल बदल तो सांसद का वादा भी बदल गया। वहीं इस रेललाइन की माँग किये जाने संबंधित 25 जुलाई 1996 में दिये गए अपने भाषण की प्रति पढ़कर सांसद ने खूब वाहवाही लूटी। स्टेशन उद्घाटन समारोह में मौजूद रेलवे अधिकारी सांसद के सामने मूकदर्शक दिखे। हालांकि डीआरएम अंजनी कुमार को समारोह की अध्यक्षता करने का अवसर तो मिल लेकिन साहब के सामने क्या बोलें!

अब सवाल है कि बिना रेललाइन बिछे व बिना लाइट व कंप्यूटर सिस्टम लगाये स्टेशन का उद्घाटन कहाँ तक सार्थक है! केसरिया तक बिना रेलवे ट्रैक बने व स्टेशन भवन का कार्य पूर्ण रूप से किये बिना इस स्टेशन का उद्घाटन समझ से परे है। आखिर में यही कहा जा सकता है कि स्टेशन का उद्घाटन तो हुआ, पर क्या बिना रेललाइन बिछे हीं सफर करेंगे लोग..........?

**विपक्षी दल ने उद्घाटन को चुनावी हथकंडा बताया:** विपक्षी दल के नेता आनन-फानन में किये गये इस स्टेशन के उद्घाटन को चुनावी हथकंडा बता रहे हैं। राजद राज्य परिषद सदस्य अवधेश राय ने कहा कि इस स्टेशन का उद्घाटन कर जनता के साथ पूरी तरह से छल किया गया है। जब उद्घाटन हो गया तो क्षेत्र की जनता को रेलयात्रा का भी अवसर मिलना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होगा क्योंकि केसरिया तक रेल लाइन बिछाई नहीं गई है। क्षेत्र की भोली-भाली जनता के साथ सत्ता दल के नेताओं द्वारा छल किया जा रहा है। जनता जिसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में देगी।

# निर्माणाधीन WPO को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त



पताही। प्रखंड क्षेत्र की बोकाने काल पंचायत में सरकारी जमीन पर बन रहे कचरा प्रबंधन के भवन को कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंचे बीडीओ सम्राट जीत ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

उन्होंने पंचायत सचिव को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। इस आलोक में पंचायत सचिव ने कुछ अज्ञात के लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में खलल डालने एवं सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया है कि पंचायत के वार्ड नंबर 14 में चयनित जमीन पर कचरा र प्रबंधन के लिए डब्ल्यूपीयू भवन का निर्माण कराया जा रहा था।

जिसे मध्य रात्रि को कुछ और सामाजिक तत्व शराबियों के द्वारा उक्त भवन को तोड़ दिया गया है। वही संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सम्राट जितने बताया कि सूचना मिली है अगर किसी और सामाजिक तत्व द्वारा यह हरकत किया गया है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

बेतिया। भारत सरकार के प्रधानमंत्री के पश्चिम चम्पारण जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण आदि के मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक में ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, हैलीपैड, सेफ हाउस, संपर्क पथ, सुचारू यातायात, शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल का समतलीकरण सहित अन्य तैयारियों से संबंधित विचार-विमर्श हुआ।

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रहनी चाहिए। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी सांसद संजय जायसवाल डीआरएम समस्तीपुर विनय श्रीवास्तव सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम के मद्देनजर अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। बैठक में सांसद संजय जायसवाल, पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी, उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी अपर समाहर्ता राजीव कुमार अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, डीआरएम समस्तीपुर विनय श्रीवास्तव, वरीय उप समाहर्ता कमलकांत त्रिपाठी एसडीएम बेतिया विनोद कुमार नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया शंभु कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग समलदेव कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल रमेश पंडित सहित रेलवे के अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# कपरधिका से छोटकीपट्टी तक के पीडब्ल्यूडी सड़क चौड़ीकरण की मांग बगहा विधायक ने की

बगहा। बगहा विधायक राम सिंह ने बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बगहा -1 प्रखंड के कपरधिका से छोटकीपट्टी तक के पीडब्ल्यूडी सड़क के चौड़ीकरण एवं बगहा-2 प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिउंटाहा के भवन निर्माण हेतु सरकार से मांग किया है।

विधायक राम सिंह ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बगहा -1 प्रखंड के कपरधिका से छोटकीपट्टी राष्ट्रीय पथ727 तक के पीडब्ल्यूडी सड़क के चौड़ीकरण के लिए सरकार से मांग किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क आस पास के क्षेत्रों को बगहा पुलिस जिला, अनुमंडल कार्यालय एवं बगहा प्रखंड कार्यालय से जोड़ता है, उक्त कार्यालयों में जाने के लिए लोगों के जाने हेतु यह एक मात्र सड़क है, सड़क के चौड़ीकरण होने से लोगों को आने - जाने में सुविधा होगी। साथ हीं बगहा-2 प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिउंटाहा के भवन निर्माण हेतु सरकार से मांग किया।

उन्होंने कहा कि बगहा -2 प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिउटाहाँ बिल्कुल जंगल के समीप थारु एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का एक मात्र बड़ा अस्पताल है, जो विगत कई वर्षों से 2 कमरा के स्वास्थ्य उप केंद्र भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग, पारा मेडिकल कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए पर्याप्त जगह का अभाव है।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

**शिवहर।** ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी शिवहर श्री पंकज कुमार ने जीविका दीदी की अगुआई में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली एवं रथ को हरी झंडी दिखा कर समाहरणालय से रवाना किया। रैली समाहरणालय से रवाना हो कर ज़ीरो माइल तक गई और फिर वहां से गांधी भवन पर आ कर समाप्त हुई। रास्ते में जीविका दीदी, स्कूल के बच्चे, आईसीडीएस कर्मी, डाइट के विद्यार्थियों ने ' छोड़ दो सारे काम पहले चलो करें मतदान', ' वोट डालने जाना है चुनाव का पर्व मनाना है' आदि नारे लगा कर शहर के लोगों को जागरूक किया।




रैली के बाद संवाद कक्ष में जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में शपथ एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पदाधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को, सभी कर्मियों, डाइट स्टूडेंट, जीविका दीदियों को निर्देशित किया कि जिले के वोटर को जागरूक कर जिले का मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक तक ले कर जाना है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन्होंने अभी तक अपना वोटर कार्ड नहीं बनवाया है वो जरूर बनवा लें। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अपना वोट जरूर डालें और दूसरों को भी वोट डालने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रेरित करें। मतदान से संबंधित सपथ दिला कर जिला पदाधिकारी महोदय ने बैठक के समाप्ति की घोषणा की।मौके पर उप विकास आयुक्त अतूल कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता कृष्ण मोहन सिंह, उप-निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम प्रकाश, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग चाँदनी सुमन,जीविका डीपीएम गुलाम कौसर एवं अन्य उपस्थित रहे।

कवि जाँच घर
Mob.:7033441319 Tollfree: 1800 3099 895
Address : Bhawanipur Zirat, Motihari, East Champaran-845401
website: www.kavidiagnostics.com | email: drsanjaykumar63@gmail.com
डॉ.संजय कुमार
MBBS (DAR)
MD (Microbiology)

## तीन शराब कारोबारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पताही। पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे शराब एवं शराब कारबारीयों के विरुद्ध सघन अभियान के तहत ने गुप्त सूचना के आधार पर दो पुरूष एवं एक महिला शराब कारोबारी को शराब के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्याय हिरासत मोतिहारी जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कल्याणपुर चौर से दो पुरुष शराब कारोबारी को 11.400 लीटर शराब के साथ बखरी निवासी सुनिल राउत एवं नंदू राउत को गिरफ्तार किया गया है।साथ ही उन्होंने बताया कि सरैया गांव से एक महिला शराब कारोबारी को पकड़ा गया है। गिरफ्तार महिला बुधिया देवी को छह लीटर शराब के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया गया।उन्होंने कहा कि तीनो आरोपी को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में मोतिहारी जेल भेज दिया गया है।

# बिना अनुमति के संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र का मामला**

**10 स्वास्थ्य संस्थाओं ने जमा कराया कागजात**

अमृतेश कुमार ठाकुर

बीएनएम@केसरिया। क्षेत्र में बिना विभागीय अनुमति के संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई के मूड में है। लिहाजा करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ऐसे संस्थाओं को नोटिस भेज कर संचालन से संबंधित आवश्यक कागजात की माँग की गई है।

जिनमें करीब आधा दर्जन स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा अब तक कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिन संस्थाओं द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है उसमें केसरिया स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल, जनता मेडिकल, महावीर सेवा सदन, एसपी गिरी मेमोरियल हॉस्पिटल, संस्कार डेंटल, आशीर्वाद क्लीनिक सहित अन्य शामिल है। ये संस्थाएं संबंधित विभाग के रडार पर हैं। जानकारी है कि बहुत जल्द स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र में बिना अनुमति या फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग होम, निजी अस्पताल, क्लिनिक, जाँचघर, अल्ट्रासाउंड केंद्र व ऐसे अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर दंडात्मक कार्रवाई करेगी।

### 10 स्वास्थ्य संस्थाओं ने संचालन संबंधित जमा कराया है कागजात

केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र में प्रखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों व चौक-चौराहों पर करीब पाँच दर्जन से अधिक निजी स्वास्थ्य संस्थाएं कार्यरत है। परंतु अभी तक मात्र 10 संस्थान द्वारा संचालन से संबंधित आवश्यक कागजात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराया गया है।जिन संस्थाओं द्वारा कागजात उपलब्ध कराया गया है उनमें न्यू केसरिया मेडिकल सेंटर, युवराज हॉस्पिटल, आशुतोष अल्ट्रासाउंड, आशा डायग्नोस्टिक सेंटर आदि शामिल है।

### क्या कहती हैं प्रभारी डॉ अर्चना

केसरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्चना ने बताया कि अवैध रूप या बिना विभागीय अनुमति के संचालित निजी हॉस्पिटल, क्लिनिक, जाँचघर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थान को पूर्व में कई बार नोटिस भेजकर संचालन से सम्बंधित कागजात की माँग की गई है। माँगी गयी कागजात को ऐसे करीब आधा दर्जन से अधिक संस्थाओं द्वारा अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिन्हें अविलंब जमा कराने को निदेशित किया गया है। संचालन से संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त अनुमति पत्र व अन्य आवश्यक कागजात जमा नहीं कराने वाले संस्थाओं के विरुद्ध विभागीय आदेश के आलोक में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### घटित हुआ है कई घटना

क्षेत्र में बगैर अनुमति के संचालित कई ऐसे क्लिनिक, नर्सिंग होम व निजी अस्पताल है जहाँ बिना मानक व साधन के मरीजों का सर्जरी व इलाज किया जाता है।जिसके कारण कई मरीजों की जान चली गई है। कई मामलों में स्वजन व आरोपी अस्पताल संचालक आपसी समझौता कर मामले को दबा देते हैं। लेकिन कई मामले प्रकाश में आने के बाद विभाग का कान खड़ा होता है।

इसी वर्ष 28 जनवरी को नगर स्थित डॉ आर के दूबे के क्लिनिक में संग्रामपुर थाना क्षेत्र के एक महिला मरीज की मौत हो गई थी। मृतका के स्वजन ने क्लिनिक के चिकित्सक सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

शिवहर।शिवहर लोकसभा क्षेत्र के लोकसभा प्रभारी सियाराम साह एवं विधान परिषद सदस्य व वरिष्ठ नेता बीजेपी अनिल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू ने जिला अतिथि भवन शिवहर में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा है कि भाजपा सपने नहीं हकीकत बुनती है।

मौके पर पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा,कोषाध्यक्ष भाजपा प्रदेश आशुतोष शंकर सिंह, महामंत्री भाजपा विनय कुमार सिंह, राधाकांत गुप्ता उर्फ बच्चू जी, महामंत्री धर्मेंद्र पांडे,भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता सहित भाजपा मीडिया प्रभारी संजय तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिवहर लोकसभा क्षेत्र के सभी 6 विधानसभा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक आहूत की गई।



लोकसभा प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू ने एक-एक कर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपने कक्ष में बुलाकर शिवहर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। बताया है कि हम कार्यकर्ताओं से मिलने आए हैं, जो पार्टी का प्रोटोकॉल है, 2024 लोकसभा में भाजपा की कई घटक दल है, हम लोग का मकसद है कि नरेंद्र मोदी को देश में पुनः प्रधानमंत्री बने और बिहार की सभी 40 सीट बीजेपी की झोली में आए।वहीं भाजपा नेता आशुतोष शंकर सिंह ने कहा है कि भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां अब जोर शोर से शुरू कर दी है। देश अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वास्तविकता बन रही है। अमृत काल के दौरान विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए देश तैयार हैं।

## बस की ठोकर से मौत

मोतिहारी। जिले के दरपा थाना क्षेत्र के नरकटिया श्यामपुर मुख्य पथ में दुबहा गांव के समीप शुक्रवार को मिनी बस की ठोकर से एक वृद्ध की मौत घटनास्थल पर हो गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने बस व चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। तत्पश्चात पुलिस ने शव को अपने अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतक की पहचान नेपाल के बारा जिला अंतर्गत सखुआ गांव निवासी 60 वर्षीय चकमा पासवान के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीण जयप्रकाश सिंह का कहना है कि मृतक का कहीं ठौर ठीकाना नहीं था। गांव घर में मांग कर अपना पेट पाला था। इस बाबत थानाध्यक्ष उमाशंकर माझी ने बताया कि आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्यवाही होगी

# नेपाल एपीएफ और एसएसबी जवानों के बीच बॉलीबॉल मैच का आयोजन एसएसबी टीम विजयी

बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर के नदी घाटी योजना विद्यालय के मैदान में आयोजित एपीएफ और एसएसबी जवानों के बीच बॉलीबॉल मैच खेला गया। जिसमें एसएसबी की टीम विजय रही।

साथ में नदी घाटी +2 विद्यालय और सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चो के बीच बहुत ही रोमांचक रस्सा कस्सी का मैच हुआ जिसमे बालक वर्ग में नदी घाटी विद्यालय के बच्चे विजय रहे तो बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चे विजय रहे।इसके अलावा दोनो स्कूल के बच्चो के बीच 100 मीटर दौड़ का भी आयोजन हुआ जिसमे दोनो स्कूल के बच्चो में से प्रतिभाशाली बच्चों ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। सभी को



पुरस्कार समारोह के विशिष्ट अतिथि डीआईजी श्री सुधांशु नोटियाल के द्वारा दिया गया मौके पर कमांडेंट श्री प्रकाश,द्वितीय कमान अधिकारी अश्वनी कुमार और निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, निरीक्षक जांगराज सिंह थे ।मैच का कमेंट्री सहायक उप निरीक्षक सतेंद्र प्रताप सिंह ने बड़े रोचक अंदाज में किया। बतादें की इंडो नेपाल सुरक्षा कर्मियों के बीच आपस मे सामंजस्य स्थापित करने के लिए इस तरह के इवेंट्स किए जाते रहते हैं। ताकि देश सुरक्षा और सीमा पर होने वाले अन्य गतिविधियों को साझा किया जा सके । साथ ही साझा गश्ती कर वांछित गतिविधियों पर रोकथाम लगाया जा सके।

# मोदी के तानाशाही पर लगाम कसेगा यह जनविश्वास महारैली– भाकपा माले

बेतिय। 3 मार्च को महागठबंधन की ओर से आयोजित लोकतंत्र बताओ, संविधान बताओ, भाजपा हटाओ जनविश्वास महारैली कि तैयारी के अंतिम चरण में भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सुनील कुमार यादव ने कहा कि पश्चिम चम्पारण से भाकपा माले कार्यकर्ताओं की टीम 1 मार्च से ही पटना गांधी मैदान के लिए रवाना होगी जो दो फरवरी देर रात तक लोग जाऐंगे। इस रैली में पश्चिम चम्पारण से हजारों की संख्या में मजदूर-किसान, छात्र- नौजवान भाग लेगें।

आगे कहा कि भाजपा विपक्ष की तमाम सरकारों को गिराने के लिए वह इलेक्टेरल बॉन्ड से प्राप्त पैसा से विधायकों-सांसदों को खरीद रही है. धनबल व तंत्रबल के दम पर विपक्ष को तोड़ रही है. जो विधायक पैसे से नहीं बीक रहे हैं उसे ईडी-सीबीआई के जरिए डराकर विपक्षी विधायकों को अपने पक्ष में कर लेने की कार्रवाइ कर रहीं हैं जिस को भाकपा माले ने 3 मार्च की जन विश्वास रैली के तैयारी में सैकड़ों नुक्कड़ सभाएं,और ग्रामीण सभा कर लोगों को जागरूक करने का काम किया है। रैली ऐतिहासिक होगी मजदूरों किसानों, छात्र नौजवानों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आगे कहा कि भाजपा आजादी के बाद देश में कायम लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की दिशा में बढ़ चुकीं है. जिसे यह जनविश्वास महारैली मोदी के तानाशाही पर लगाम कसने का काम करेगी।

BORDER NEWSMIRROR

Saturday 02 March 2024

# Editorial

## उथल-पुथल में पाक, भारत रहे चौकस

पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना। अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी) ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आम जन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला, खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के ख़िलाफ़ देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं और बलूचिस्तान का जन जीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान ख़ान की पार्टी "पीटीआई" नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी।

## हिंसक किसान आंदोलन के निहितार्थ

आर.के. सिन्हा




मरने –मारने के अंदाज में किसान एक बार फिर से सड़कों पर उतर आए हैं। चुनावी माहौल गर्म होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादो पर डटे दिखते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाये । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्न दाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिये ? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार सत्तासीन थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे राहुल गांधी ने कहा है, "देश में किसानों को जो मिलना चाहिए, वो उन्हें नहीं मिल रहा है।" लेकिन इस तथ्य को नज़रअंदाज किया जाता है कि केंद्र सरकार देश के किसान परिवारों एवं खेती की दशा-दिशा सुधारने के लिए हर साल तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। इसमें उर्वरकों पर सब्सिडी के अतिरिक्त कृषि मंत्रालय की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनके जरिए किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे जाते हैं। जानकारों के अनुसार, केन्द्र सरकार केवल समग्र कृषि योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि का अगर औसत आकलन किया जाए तो प्रत्येक किसान पर कृषि एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत हर साल लगभग 22 हजार रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। अब आंदोलनकारी किसान यह भी कह रहे हैं कि पराली जलाने पर उन पर कोई दंड ना हो। यानि कि प्रतिदिन इनकी नई-नई मांगें सामने आ रही है । पराली जलाने के कारण कितना वायु प्रदूषण फैलता है और उससे कितने लोग प्रभावित होते हैं, इससे किसान लगभग बेपरवाह हैं। पिछले साल नवंबर के महीने में इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट ने बहुत साफ कहा था कि पंजाब में धान की खेती जारी रखने से लंबे समय में विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। अदालत ने कहा था कि खेतों में आग रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए।'

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

Today's Opinion

## क्या लोस चुनाव में समाजवाद को बचा पायेंगे नितीश कुमार




**प्रो अरविंद नाथ तिवारी**

नीतीश कुमार का आज जन्म दिन है, वोमार्च1951 को बिहार के नालंदा जिला के हरनौत में जन्म लिये थे। कुमार राजनेताओं के समाजवादी दल से आते हैं । एक राजनेता के रूप में अपने शुरुआती वर्षों के दौरान वह राममनोहर लोहिया, एसएन सिंहा ,कर्पूरी ठाकुर और वीपी सिंह से जुड़े थे। नीतीश कुमार ने 1974 और 1977 के बीच जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में भाग लिया। सत्येंद्र नारायण सिंहा की अध्यक्षता वाली जनता पार्टी में शामिल हो गए ।कुमार पहली बार 1985 में हरनौत से राज्य विधानसभा का चुनाव लड़े और जीते भी। शुरुआती वर्षों में, लालू प्रसाद यादव को वर्ष 1989 में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कुमार को समर्थन प्राप्त था, लेकिन बाद में कुमार ने भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा बदल ली। 1996 में बाढ़ से अपनी पहली लोकसभा सीट जीत दर्ज की। भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता अटल और आडवाणी ने बिहार में लालू राबडी शासन का अंत करने के लिए राजनीति में इनको आगे बढ़ाना शुरु किया। वहीं प्रखर समाजवादी जार्ज फर्नांडिस ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में बढाना शुरु किया। इस त्रिशक्ति के कारण नीतीश कुमार बिहार के राजनीत मे कर्पूरी ठाकुर के बाद सबसे बड़ा नेता देखे जाने लगे, जो बेटा, भाई-भतीजावाद से कोसों दूर रहनेवाले साबित हूए, जिसका परिणाम इनको सुखद राजनीत में बिहार का मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला। लोगों की बात मानी जाय तो मुख्यमंत्री बनने के बाद वो परिपक्व समाजवादी मार्ग पर चल पड़े,जो आज परिलक्षित है, जैसे मोरारजी देसाई के केंद्रीय सरकार में मोरारजी की सरकार बचाने के लिए जार्ज फर्नांडिस ने मोरारजी के पक्ष में बहस दौरान उनके पक्ष में सदन में भाषण दिया और दुसरे दिन मोरारजी की सरकार गिराकर चौधरी चरण सिंह के सरकार का समर्थन संसद में कर दिया। नितीश कुमार भी अपने गुरु की राह पर चलते हूए भाजपा और राजद को बारी-बारी से गच्चा दे-देकर अपनी सरकार बनाते रहें, जिसके वो आज मुख्यमंत्री हैं। लोगों की बात मानी जाय उनमें समाजवादी नेता देवीलाल का भी गुण है। भारतीय राजनीति के बीसवीं शताब्दी के उन्नीस के दशक में देवीलाल अपने दीप्त्मान राजनीति के चकाचौंध रोशनी से दिल्ली के सत्तासीन कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखला दिया था। देवी लाल को चौधरी देवी लाल कहा जाता था,उन्होंने तत्काल भारतीय राजनीति में पक्ष और विपक्ष को यह चरितार्थ कर दिखला दिया था कि,बगैर देवी लाल के सहमति बिना भारतीय राजनीति नहीं चल सकती। वही आज देखने को मिल रहा है, चाहे कांग्रेस महागठबंधन हो या एनडीए नीतीश कुमार को सबकी जरुरत है, क्योंकि बिहार के रास्ते से ही केन्द्र की सरकार तक पहुंचना सम्भव हैऔर नीतीश कुमार भी बखूबी समझते हैं कि जनता दल यू और उनकी जरुरतों की पूरा किस से होनेवाली है, इसलिये महागठबंधन को बाय बाय करके एनडीए में घुस गये, परन्तु यक्ष प्रश्न यह है कि क्या समाजवादी अवसरवादी होते हैं, तो जबाव लेखक का यही है कि नहीं, समाजवादियों को ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि समाजवाद के प्रणेता राममनोहर लोहिया ऐसा नहीं थे, अगर वो अवसरवादी होते तो लाहौर के सेलघर में छ:महीना तक यातनाभरा उनको जेल नहीं काटनी पड़ती। अंग्रेज़ो से समझौता करके सतासुख ले सकते थे, यह विडम्बना और दुर्भाग्य है कि कि आज के समाजवादी सता बचाने के लिए दक्षिणपंथ और वामपंथ के गोद में जा बैठते हैं और अपनी दल और सता बचा लेते हैं। मोरारजी देसाई अवसरवाद की प्राथमिकता दिये रहें होते, तो उनकी सरकार नहीं गिरती, भले बाद की समाजवादी सरकारें, अवसर के हिसाब से दल भी तोड़े और सरकार भी गिरायी और सरकार बनायी। शायद लोहिया ये दिन नहीं देखे तो अच्छा हुआ। बहरहाल यक्ष प्रश्न है कि लोकसभा चुनाव आनेवाला है, टुटता हुआ समाजवाद, बढता दल बदल, बढता भ्रष्टाचार को रोकने में कर्पूरी, देवीलाल और जार्ज फर्नांडिस के अक्स के रूप में दिखाई पड़नेवाले जननायक नीतिश कुमार बचा पायेंगे, क्योंकि आज के समाजवाद में, देश अंतर्गत इनसे बड़ा कोई समाजवादी नहीं।

**लेखक, पीयूएसटी महिला महाविद्यालय बगहा, बिहार इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष हैं**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 फूड्स



आजकल हर उम्र के लोगों में आंखों की समस्या हो रही है। ज्यादा समय टीवी, मोबाइल, लैपटॉप स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे आंखें बुरी तरह प्रभावित होती हैं। इससे आंखों से संबंधित कई समस्याएं होती हैं, जैसें- आंखों में जलन, आंखों से पानी आना आदि। अगर आप लगातार 8-10 घंटे स्क्रीन पर काम करते हैं, तो आंखों की रोशनी कमजोर हो सकती है, लेकिन खानपान में आप कुछ चीजों को शामिल कर आंखों की रोशनी को बरकरार रख सकते हैं। आइए जानते हैं, आंखों की रोशनी के लिए डाइट में आप किन चीजों को शामिल कर सकते हैं।

### 1.आंवला है काफी फायदेमंद

आंखों के लिए आंवला वरदाना माना जाता है। इसमें विटामिन-सी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो आंखों को स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। आप आंखों की सेहत के लिए डाइट में आंवला शामिल कर सकते हैं। चाहें तो आप आंवले का जूस पी सकते हैं या इसका मुरब्बा भी खा सकते हैं।

### 2.बादाम खाएं

बादाम में विटामिन-ई और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसके लिए आप भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं। रात में बादाम को भिगो दें, सुबह इसे छील कर खा सकते हैं।

### 3.गाजर खाएं

गाजर आंखों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद बीटा-कैरोटीन आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है।

### 4.मछली खाएं

मछली का सेवन आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आंखों के लिए काफी फायदेमंद होता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आप सालमन फिश खा सकते हैं। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है। एक्सपर्ट के अनुसार, आपको हफ्ते में दो बार मछली का सेवन करना चाहिए।

### 5.हरी सब्जियों का सेवन करें

आंखों की रोशनी बरकरार रखना चाहते हैं, तो डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल कर सकते हैं। ये आयरन और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो आंखों के लिए बहुत ही जरूरी हैं।



# चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए लगाएं नारियल के दूध के 3 फेस पैक

नारियल पानी के फायदे के बारे में, तो आपने कई बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं कि नारियल का दूध भी स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं। नारियल का दूध नैचुरल होने के साथ चेहरे की कई कई परेशानियों को आसानी से दूर करता हैं।

कई लोग स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कई बार ये चीजें स्किन को सूट नहीं करती। वहीं नारियल के दूध नैचुरल होने के कारण हर किसी स्किन टाइप पर सूट हो जाता हैं। नारियल के दूध के फेस पैक स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ चेहरे की रंगत को भी निखारता है। ये फेस पैक घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं।

### 1. नारियल का दूध और टमाटर का फेस पैक

सामग्रीः- 1 टमाटर रस, 2 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका


नारियल का दूध और टमाटर का फेस पैक बनाने के लिए टमाटर को मिक्सी में पीस लें। अब इसमें नारियल का दूध मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को फेस पर 15 से 20 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें। ये पैक स्किन की रंगत को निखारने के साथ टैनिंग को हटाने में भी मदद करता है।

### 2.बादाम और नारियल का दूध फेस पैक

सामग्रीः- 5 बादाम, 1 चम्मच शहद 2 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका

बादाम और नारियल का दूध फेस पैक बनाने के लिए बादाम को रातभर के लिए भिगो दें और इनका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट में शहद और नारियल दूध को मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर



10 से 15 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश करें। ये फेस पैक चेहरे को ग्लोइंग बनाने के साथ दाग-धब्बों को भी कम करने में मदद करता हैं।

### 3. ओट्स और नारियल के दूध का फेस पैक

सामग्रीः- 1 चम्मच ओट्स, 2 से 3 चम्मच नारियल का दूध

### फेस पैक बनाने का तरीका

ओट्स और नारियल के दूध का फेस पैक बनाने के लिए ओट्स का पाउडर बना लें। अब इस पाउडर में नारियल का दूध मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार करें।

अब इस मिश्रण को चेहरे पर 5 से 10 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ये पैक स्किन की अंदरूनी सफाई करके स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद करेगा।

ये सभी पैक स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लेकिन ध्यान रखें इनको लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें। अगर स्किन पर कोई ट्रीटमेंट कराया हैं, तो अपने ब्यूटी एक्सपर्ट से सलाह करने के बाद ही इस पैक का इस्तेमाल करें।


# पेट दर्द से लेकर माइग्रेन के दर्द तक, ये हैं हींग के कमाल

भारतीय खानों में हींग का उपयोग खूब किया जाता है। इसका स्वाद ज़रा तेज़ ज़रूर होता है, लेकिन इसके फायदे अनगिनत हैं। खाने में इसे मिलाने से पाचन आसान होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग पाचन दुरुस्त करने के अलावा भी कई काम करता है। यह पेट में गैस से लेकर गंभीर माइग्रेन और यहां तक कि कीड़े के काटने का भी इलाज कर देता है।

### बच्चों में गैस की समस्या का समाधान करता है

शिशुओं में गैस की समस्या को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय और कोई नहीं है। इस जांचे और परखे उपाय को सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए एक से दो चम्मच गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग डालें और फिर बच्चे की नाभी के आसपास उंगलियों की मदद से लगाएं। इससे छोटे बच्चों में गैस की समस्या तुरंत ठीक हो जाती है।

### सांस से जुड़ी तकलीफों के इलाज के लिए



हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण होते हैं। इसलिए इसका उपयोग अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस, सूखी खांसी और ज़ुकाम को ठीक करने के लिए किया जा सकता है। तुरंत आराम पाने के लिए आधा चमच हींग पाउडर और सोंठ में दो चम्मच शहद मिला लें। दो से तीन दिन तक इस मिक्सचर को खाएं, तो आपको सांस की तकलीफों से जल्द आराम मिल जाएगा।

### दांत दर्द में तुरंत आराम

जिस दांत में दर्द है, वहां और आसपास के मसूड़ों पर चुटकी भर हींग लगा लें। दर्द में राहत पाने के लिए दिन में इस उपाय को 2 से 3 बार करें।

### कान दर्द में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में ठंड लग जाने से कान में दर्द कई बार हो जाता है। ऐसे में इयर ड्रोप्स के अलावा आप घरेलू उपचार पर कर सकते हैं। हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण पाए जाते हैं, जो कान के दर्द में आराम देने का काम करते हैं। इसके लिए एक बर्तन में दो चम्मच नारियल के तेल में चुटकी भर हींग डालकर हल्की आंच पर गर्म कर लें। जब ये गुनगुना हो तब इसकी कुछ बूंदें अपने कान में डालें। इससे आपको तुरंत राहत मिल सकती है।

### सिर दर्द में आराम

सिर दर्द जब परेशान कर रहा हो, तो आप हींग आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए



हल्की आंच पर पैन रखें और उसमें एक से दो कप पानी गर्म कर लें। अब इसमें चुटकी भर हींग डालें और 10-15 मिनट के लिए गर्म होने दें। जब पानी की मात्रा थोड़ी कम हो जाए, तो गैस को बंद कर दें।

तेज़ सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दिनभर इस पानी को पिएं। इसके अलावा आप हींग में गुलाब जल मिलाकर इसका पेस्ट भी तैयार कर सकते हैं और फिर इसे माथे पर लगा सकते हैं। इससे भी आराम मिलता है।

### कीड़े या सांप के काटने पर

हींग सिर्फ खाने में ही हेल्दी नहीं होती, बल्कि कीड़ों या फिर सांप के काटने का भी इलाज कर सकती है। दादी मां के निस्खों के अनुसार, हींग के पाउडर में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को ज़ख्म पर लगा लें और सूखने दें। जब सूख जाए, तो निकाल दें।

# बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन शापिंग की आदत, कैसे कंट्रोल करें

**स्नेहा सिंह**

बच्चों की ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर मां-बाप बच्चों की छोटी उम्र से ही बचत की आदत डालते हुए पालें-पोसें तो आगे चल कर उनकी जिंदगी आसान बन जाएगी। पूर्वी, तुमने फिर से शापिंग की? मेरे एकाउंट से दो हजार रुपए कट गए हैं। मोना ने बेटी से पूछा। पूर्वी अभी भी फोन में शापिंग साइट्स सर्च कर रही थी। फोन में ही आंखे गड़ाए हुए उसने कहा, हां मॉम, कल की है, दो टीशर्ट खरीदी हैं। एक बेल्ट फ्री मिली है। और हां, एक जींस आज ली है। केवल 999 की।

अरे, पर तुम्हें पूछना तो चाहिए। मुझे आज लाइट बिल भरना है। अब कुछ मत खरीदना ऑनलाइन, खाते में थोड़े ही रुपए हैं। कालेज की फीस भी तो भरनी है। अभी फिल्म देखने या घूमने न जाओ तो ठीक रहेगा। जब तक कोरोना का नुकसान न पूरा हो जाए, ज्यादा पैसे मत खर्च करो। पैसा बचाना सीखो बेटा। देखो न, लाइट बिल ही तीन हजार रुपए आया है। जिस तरह एसी चलाती हो, उस तरह कोई एसी चलाता है।

इंटरनेट का भी खर्च थोड़ा कम करो। एक तो सागसब्जी कितनी महंगी हो गई है। भगवान न करे ऐसे में किसी की तबीयत खराब हो गई तो अस्पताल का खर्च फाइवस्टार होटल की तरह आता है। इसीलिए तो हमारे बड़े-बुजुर्ग कहते थे, 'जितनी चादर हो, उतना ही पैर फैलाओ।'

मोना ने पूर्वी को अपनी बात समझाने की बहुत कोशिश की कि उनकी बात बेटी के गले उतर जाए, पर पूर्वी की पिन तो मोबाइल की ऑनलाइन आकर्षक शापिंग पर ही चिपकी थी। अब इस बात में चादर कहां से आ गई? लेनी है क्या? देखो, यह कॉटन की चादर कितनी अच्छी है। आर्डर कर दूं? कलर कितना सुपर है।

न, नहीं चाहिए। वैसे भी फोटो में बहुत अच्छी लग रही है। पर आने पर रंग कुछ और ही निकलता है।

तो वापस कर देंगे।

पर बिना जरूरत के कोई भी चीज खरीदने की जरूरत ही क्या है? इस तरह रोज-रोज खरीदारी करने से तो खजाना ही लुट जाएगा। मम्मी एक काम कीजिए। पापा से कह कर मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। आप को बैलेंस देखने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



पूर्वी अपनी बात कह रही थी कि तभी उसके पापा रजनीश आ गए। उन्होंने कहा, बोलो... बोलो, मेरी राजकुमारी को क्या चाहिए? क्रेडिट कार्ड चाहिए पापा। मम्मी अपने एकाउंट से खर्च ही नहीं करने देतीं। मम्मी बहुत कंजूस है न पापा। मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। मैं ज्यादा शापिंग नहीं करूंगी। केवल कपड़ा और शूज बस?

पूर्वी को पता था कि उसकी मीठी-मीठी बातों में पापा आ ही जाएंगे। इसलिए उनके नजदीक जा कर प्यार से मस्का लगाने लगी।

पर पूर्वी मैं तुम्हें समझा रही हूं कि बिना जरूरत के शापिंग नहीं करनी है। मोना चिल्लाई।

करेगी... मेरी बेटी करेगी। मोना एक ही तो बेटी है। इसके तो शौक पूरे करने देना चाहिए न? रजनीश ने बेटी का पक्ष लेते हुए कहा। मोना ने कहा, अगर यह अभी से बचत करना नहीं सीखेगी तो पछताएगी। तुम ही इसे समझाओ। अलमारी भरी है। पैसा कमाने के लिए हम दोनों कितनी मेहनत करते हैं।

ठीक है। पर सब इसी के लिए तो है। बेटा, तुम्हारा क्रेडिट कार्ड कल बनवा देता हूं।

यस्स, अब तो मजा ही मजा। मम्मी, आप तो देखती ही रह गई। अब तो मैं खूब शापिंग करूंगी। कहते हुए पूर्वी खुशी के मारे घर से बाहर निकल गई। एक महीने बाद रजनीश ने देखा कि क्रेडिट कार्ड से पूर्वी ने दस हजार की शापिंग की थी। मोना ने कहा, इस तरह तो इस लड़की की शापिंग की लत लग जाएगी।

अब क्रेडिट कार्ड वापस लेना भी आसान नहीं था। क्रेडिट कार्ड वापस लेने पर पूर्वी को बुरा लग गया और उसने कोई गलत कदम उठा लिया तो? एकलौती बेटी को नाराज करना उचित नहीं था। इसलिए उन्होंने कोई



दूसरा उपाय अपनाने के बारे में सोचा।

रजनीश और मोना ने मिल कर एक व्यवस्थित प्लान बनाया। उन्होंने पूर्वी को बुलाया। पहले तो उसके द्वारा की गई शापिंग को देखा। तारीफ भी की। फिर एक-दो चीज के लिए पूछा भी, यह तो अपने पास थी न? यह टॉप महंगा नहीं लग रहा?

पर पूर्वी इस तरह उत्साह में थी कि उसे जरा भी पछतावा नहीं हुआ। यह देख कर रजनीश ने कहा, अगले महीने से हम तुम्हें एक ऑफर देने के बारे में सोच रहे हैं। मैं तुम्हारे खाते में पांच हजार रुपए जमा कराऊंगा। बस, पांच हजार? पूर्वी तुरंत बोल पड़ी। इसलिए मोना ने कहा, यहां ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका इतना वेतन भी नहीं है बेटा। ऐसा मत बोलो, पांच हजार में तो पूरे महीने का राशन आ जाता है। रजनीश ने कहा, अरे सुनो तो सही, मैं तुम्हें पांच हजार दूंगा, इसमें से जितना तुम बचाओगी, उतना अगले महीने अधिक दूंगा। समझ लीजिए कि तुम ने चार हजार खर्च किए तो अगले महीने छह हजार मिलेंगे और बिलकुल न खर्च करूं तो दस हजार? हां, पर हर महीने तुम्हारी खर्च की लिमिट पांच हजार ही रहेगी। बाकी की बचत तुम्हारे खाते में जमा रहेगी। साल के अंत में उसमें से तुम्हारी पसंद की कोई चीज दिला देंगे। मोबाइल या फिर लैपटॉप?

कोई भी चीज जो तुम्हें पसंद होगी।

ओके डन। पूर्वी को यह अच्छा लगा। अगले महीने से स्कीम चालू हो गई। पूर्वी ने दो हजार बचाए। राज ने उस महीने हजार रुपए दिए। पूर्वी का उत्साह बढ़ता गया। उसकी बचत करने की आदत बनती गई और खर्च अपने आप घटता गया। आजकल ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ोंबड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर सभी किसी न किसी तरह बचत का विकल्प अपनाएं तो खर्च अपने आप घट जाएगा और अगर ऑनलाइन शापिंग की आदत बढ़ती ही जाए तो खुद ही कार्ड जमा करा दें तो अच्छा रहेगा।

पहले मां-बाप खुद ही अपना फालतू का खर्च कम करें और बच्चों में कम उम्र से ही बचत की आदत डालें, जिससे उनकी जिंदगी आसान बन जाए।

# पैसे बचाना कोई 'रॉकेट साइंस' नहीं, बस न करें ये गलतियां

जब भी हम लोन लेने की सोचते हैं, एक अहम सवाल हमारा पीछा करता है। वह है क्रेडिट स्कोर...। क्रेडिट इन्फोर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड (सिबिल) एक क्रेडिट रेटिंग फर्म है, जो 550 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं तथा संगठनों की क्रेडिट हिस्ट्री को मैनेज करती है। इसमें वित्तीय संस्थानों, एनबीएफसी, बैंकों एवं होम फाइनैंसिंग कंपनियों सहित 2400 से अधिक सदस्य शामिल हैं। यह ऋण लेने वाले की स्थिति का अनुमान लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अधिक सिबिल स्कोर होने पर व्यक्ति या संस्थान को लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर सिबिल स्कोर कम होने पर, अगर लोन मिल भी जाए तो भी ब्याज अधिक देना पड़ता है। सही तरीके अपनाकर आप अपनी क्रेडिट रेटिंग में सुधार ला सकते हैं।

**समय पर चुकाएं ईएमआई:** होम लेने लेते समय आप अलग-अलग होम लोन के बीच तुलना करें। देखें कि किसमें आपको ऑफर मिल रहे हैं या फायदा होता है। होम लोन के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो आपको कर में फायदा मिलता है। सरकार होम लोन पर मूल राशि एवं ब्याज पर कर में छूट देती है। अगर आप दूसरे घर के लिए लोन ले रहे हैं तो आयकर की धारा 24बी के तहत होम लोन के ब्याज की पूरी राशि पर छूट मिलती है। इसके अलावा अन्य कई फायदे भी हैं।

हालांकि जब भी होम लोन लें, आप पूरी योजना बनाकर चलें कि आपको समय पर ईएमआई चुकानी है। सोच-समझ कर फैसला लें कि आपको कितना कर्ज लेना है। आप प्री-पेमेंट की योजना भी बनाकर चल सकते हैं। इसके लिए सही बजट बनाएं, उसी के हिसाब से प्रॉपर्टी ढूंढें, फिर विभिन्न बैंकों के लोन की तुलना करें। उसके बाद ही आवेदन करें।

**कैसे सुधारें क्रेडिट स्कोर:** आप जब भी ऋण लें, उसे चुकाने में अनुशासन बरतें। भुगतान के लिए रिमाइंडर लगाएं। अपनी क्रेडिट लिमिट सेट कर लें। अगर लोन रिजेक्ट हो जाए तो आवेदन न करें। क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान समय पर करें। एक समय में बहुत सारा लोन एक साथ न लें।

**इंडेक्स फंड में निवेश:** इंडैक्स फंड में निवेश करें। ये आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए फायदेमंद हैं।

# खुलवा रहे हैं बच्चों का **Bank Account** तो ध्यान रखें

***आज के समय में वित्तीय सेवाएं एक आयु वर्ग तक सीमित नहीं रह गई हैं। एक नाबालिग भी बड़ी आसानी से अपना बैंक अकाउंट रख सकता है और उसे ऑपरेट कर सकता है। 2014 के बाद से आरबीआई की ओर से 10 साल के अधिक के बच्चों को ये सुविधा दे गई है, जिसके बाद बच्चों के लिए खाता खुलवाना काफी आसान हो गया है।***

बच्चों के लिए आईसीआईसीआईसी बैंक यंग स्टार्स अकाउंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहला कदम और पहली उड़ान, एचडीएफसी बैंक किड्स एडवांटेज और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का युवा बैंकिंग खाता है लेकिन नाबालिगों का खाता खोलते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिसके बारे में हम इस रिपोर्ट में बताने जा रहे हैं।




## बच्चे की उम्र

ज्यादातर बैंकों में नाबालिगों के लिए दो प्रकार के खाते होते हैं। एक दस साल से कम के बच्चों के लिए और दूसरा 10 साल से 18 साल के बच्चों के लिए होता है। बड़ी बात यह है कि अगर बच्चा 10 साल से छोटा है, तो माता- पिता को उसके साथ संयुक्त रुप से संचालित करना होता है।

## न्यूनतम बैंलेस और बैंकिंग सुविधाएं

नाबालिगों को भी बैंक सभी प्रकार की सुविधाएं देते हैं। अधिकतर बैंकों में न्यूनतम बैंलेस की सीमा 2500 रुपये से लेकर 5000 रुपये है। इसके अलावा इन खातों पर सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं दी जाती हैं, जिसमें चेक बुक, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम शामिल हैं।

## डेबिट कार्ड

कुछ बैंक फोटो के साथ डेबिट कार्ड जारी करते हैं, जबकि कुछ बैंक के कार्ड पर माता-पिता या फिर बच्चे का नाम हो सकता है। सुनिश्चित करें कि खाते पर एसएमएस अलर्ट सुविधा सक्रिय है, जिससे लेनदेन की बारे में जानकारी तुरंत प्राप्त हो। इसके साथ ही बच्चे को यह दिखाने के लिए एटीएम तक ले जाएं कि पैसे सुरक्षित तरीके से कैसे निकाले जाएं।

## खर्च करने की सीमा

नाबालिग खाते के साथ खर्च करने की सीमा भी जुड़ी होती है। हालांकि यह बैंक पर निर्भर करती है। आप बैंक की ओर से दी गई सीमा के मुताबिक 1000 रुपये, 2,500 रुपये और 5000 रुपये तक हो सकती है। बैंक से आप एक वित्त वर्ष में माता-पिता की सहमति के बिना 50,000 रुपये और सहमति के साथ 2 लाख रुपये निकाल सकते हैं।

**अर्चना शर्मा कोटा, राजस्थान**

## कविता : ...वो दोस्ताना



राह सुनसान,
पथरीले रास्ते,
कंटीली झाड़ियां,
घनघोर अंधेरा,
हाथ को नहीं
सूझता हाथ।।

अनजान मुसाफिर,
भयभीत मन,
धड़कता दिल,
फिसलता पांव,
गिरने से पहले ही
संभालते हाथों में
सच्ची दोस्ती का
आमंत्रण,
संभल कर,
स्वीकार कर
भाग्यशाली हो
मुस्कुराने लगी।।

मिल कर बिछुड़ गए
जैसे रात गई और
बात गई,
ऐसा दोस्त फिर
कभी मिला नहीं,
याद रहा बस
वो दोस्ताना ।।

# BNM Fantasy



## जान्हवी कपूर ने किया स्टैंड-अप कॉमेडी मे

जान्हवी कपूर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना डेब्यू किया है। उनके स्टैंड-अप करने का पर्पज लोगों को HPV (मानव पैपिलोमावायरस संक्रमण) के बारे में जागरुक करना है। उन्होंने सभी को हंसाकर इस बड़ी बीमारी के बारे में बहुत ही आसानी से लोगों को जागरुक किया। एक्ट्रेस ने बताया कि ये बीमारी इंटीमेसी के दौरान स्किन टच होने पर फैलती है। एक्ट्रेस ने कहा कि इसमें हाथ मिलाने जैसा टच शामिल नहीं है। यहां बात इंटीमेसी टच की हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। ये महिलाओं और पुरुषों दोनों को हो सकता है। जान्हवी ने बताया कि वायरस अपने साथ बड़ी बीमारी लेकर आता है।

य

*यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 गल्फ देशों में हुई बैन*

यामी गौतम स्टारर एक्शन पॉलिटिकल थ्रिलर आर्टिकल 370 गल्फ देशों में बैन कर दी गई है। आर्टिकल 370 इस तरह की सेंसरशिप का सामना करने वाली साल की दूसरी फिल्म है। इससे पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर पर UAE छोड़कर बाकी सभी गल्फ देशों में बैन लगा दिया गया था।आदित्य सुहास जामभले के डायरेक्शन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 राजनीतिक मुद्दों को गहराई से दिखाती है। ये फिल्म जम्मू-कश्मीर को मिले स्पेशल स्टेटस को रद्द करने के PMO फैसले पर आधारित है। फिल्म में ऐसे कई मुद्दे दिखाए गए हैं, जिससे लोग आज दिन भी अनजान हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है, लेकिन बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बैन कर दी गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद गल्फ देशों और बॉलीवुड के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। खबरों के मुताबिक,भारतीय सिनेमा के इन देशों में बहुत सारे फैंस हैं। आर्टिकल 370 और फाइटर जैसी फिल्मों के बैन होने के बाद बड़ा सवाल उठने लगा है।आर्टिकल 370 में यामी गौतम ने जूनी हकसर नाम की इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने एक भाषण में इस फिल्म का जिक्र भी किया था। उन्होंने कहा था- मैंने सुना है कि इस हफ्ते आर्टिकल 370 पर एक फिल्म रिलीज होने जा रही है...यह अच्छी बात है, क्योंकि इससे लोगों को सही जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



## रवीना टंडन के साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ी भीड़

*वीडियो हुआ वायरल, लोगों ने किया ट्रोल*



90 के दशक की टॉप क्लास एक्ट्रेस रहीं रवीना टंडन का चार्म आज भी पहले की तरह कायम है। लंबे समय तक एक्टिंग से दूर रहने के बाद रवीना ने पिछले कुछ समय में ओटीटी की दुनिया में पांव जमाया है। हाल ही में 'कर्मा कॉलिंग' रिलीज हुई, जिसमें रवीना ने पॉवरफुल एक्टिंग से साबित किया कि वह आज भी किसी से कम नहीं। एक्टिंग के साथ-साथ रवीना अपने लुक्स और खूबसूरती को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। इस बीच एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भीड़ से घिरीं और जल्दबाजी में नजर आ रही हैं। रवीना का ये वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में रवीना टंडन को फैंस के बीच फंसा देखा जा सकता है। वह एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने के लिए बेताब हैं। जबकि, रवीना खुद को उनसे बचाते हुए जल्दबाजी में बाहर निकलने की कोशिश करते देखी जा सकती हैं। सिक्योरिटी वाले एक्ट्रेस को इन सबसे बाहर ले जाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान धक्का-मुक्की जरूर हुई, लेकिन किसी भी तरह की घटना होने से वह बच गईं। उधर, फैंस ने इस वीडियो पर कई तरह के कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सेलिब्रिटी होना वाकई मुश्किल है।' एक ने लिखा, 'फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है आपकी।'इस वर्सटाइल एक्ट्रेस के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें, तो फैंस उन्हें डायरेक्टर अहमद खान की फिल्म 'वेलकम 3' में देखेंगे। फैंस इस मूवी के लिए खासे उत्साहित हैं। इसकी एक वजह ये भी है कि लंबे समय के बाद अक्षय कुमारऔर रवीना टंडन एक ही पिक्चर में नजर आएंगे।